आकाशवाणी शिमला

30.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45 बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट–स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए मांगा सहयोग।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–प्रदेश में शिक्षकों के 9 हजार पद भरने की प्रक्रिया जारी।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप– केवल झूठ बोलना ही वर्तमान प्रदेश सरकार की एकमात्र उपलब्धि।
- लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर कल देश भर में होगा एकता दौड़ का आयोजन।

भेंट

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल शाम नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना सुदृढ़ करने के लिए सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने प्रदेश के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अगले वित्त वर्ष के आबंटन में 2 सौ करोड़ रूपए की वृद्धि का भी मांग की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार की हिस्सेदारी बढ़ाने का भी आग्रह किया, ताकि 90–10 का अनुपात बना रहे। उन्होंने प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की भी जानकारी दी और कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए प्रयासरत्त है।

चन्द्र कुमार

कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने देश व प्रदेश के निर्माण में श्रमिकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। कांगड़ा जिले के ज्वाली में आज भवन व अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित शिविर में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाए हैं और बोर्ड के माध्यम से पात्र श्रमिकों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों और बोर्ड कर्मचारियों को पंचायत स्तर तक जाकर श्रमिक कल्याण योजनाओं का प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिक्षा विभाग में 9 हजार से अधिक पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। इनमें टी.जी.टी., जेबीटी, प्रवक्ता, सी एंड वी और एन.टी.टी. शिक्षकों की भर्ती शामिल है। शिमला में आज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने अधिकारियों को ये भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि शैक्षणिक संस्थानों में रिक्त पदों को समय पर भरा जा सके। रोहित ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए सुधारों के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं और प्रदेश की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की रैंकिंग में सुधार हुआ है।

धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 60 लाख रूपए से बनी बरोटा–चनीण–गतोड़ सड़क का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि कि इस सड़क के शुरू होने से करीब 5 हजार लोगों को सीधा लाभ

मिलेगा। धर्माणी ने कहा कि मार्ग के बनने से स्थानीय कृषि उत्पादों को बाजार तक ले जाने में भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण की दिशा में कार्य कर रही हैं। उन्होंने घुमारवीं में 25 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले खेल परिसर निर्माण स्थल का निरीक्षण भी किया।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के परगना चौथा में आज करीब 8 करोड़ रूपए की परियोजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए। इनमें गड़काहन–शड़ोह सम्पर्क सड़क का शिलान्यास, स्नाहू–श्यालटी मार्ग और देवला में पशु औषधालय का उदघाटन शामिल है। गड़काहन में महिला सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल दे रही है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शाली माता मंदिर स्थानीय लोगों की आस्था का केन्द्र है ऐसे में इस मंदिर तक सड़क पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि केवल झूठ बोलना ही वर्तमान प्रदेश कांग्रेस सरकार की एकमात्र उपलब्धि है। एक बयान में उन्होंने कहा कि यदि वर्तमान सरकार की उपलब्धि देखी जाए तो 34 महीनों के कार्यकाल में सरकार ने डेढ़ हजार से अधिक स्कूल और 4 सौ से अधिक स्वास्थ्य संस्थान बंद किए हैं। इसके अलावा सरकार ने डेढ़ लाख पद समाप्त करने सहित करीब 15 हजार लोगों को नौकरी से निकालने का काम किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हाल ही के एक वीडियो में बिहार में प्रैसवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश की 2 लाख 87 हजार महिलाओं को 15 सौ रूपए प्रतिमाह दिए जाने का दावा किया है जो सरासर झूठ है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर पूर्व सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने का भी आरोप लगाया। इस बीच जयराम ठाकुर ने आज पालमपुर में पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता शांता कुमार से भेंट की। इस दौरान संगठन, समाज और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

एकता दौड़

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती कल राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर देशभर के प्रत्येक राज्य जिले, स्कूल और विश्वविद्यालय परिसरों में व्यापक पैमाने पर एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर एकता दौड़ आयोजित की जाएगी। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर धर्मशाला जबकि पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर हमीरपुर में एकता दौड़ में शामिल होंगे।

मस्जिद

बहुचर्चित संजौली मस्जिद मामले में जिला अदालत ने नगर निगम शिमला की अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए मस्जिद को तोड़ने के आदेश दिए हैं। जिला अदालत ने आज वक्फ बोर्ड और संजौली मस्जिद कमेटी की याचिका को खारिज करते हुए नगर निगम अदालत के फैसले को सही ठहराया। वक्फ बोर्ड अदालत में मस्जिद को लेकर कोई पुख्ता दस्तावेज पेश नहीं कर पाया जिसके चलते जिला अदालत ने नगर निगम अदालत के फैसले को बरकरार रखा है।

दिशा बैठक

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर में जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को जिले में चल रहे विकास कार्यों को गति देने और इनमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। अनुराग ठाकुर ने जिले में नए शहरी निकायों को केन्द्र सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए व्यापक कार्य करने पर भी बल दिया। उन्होंने युवाओं को अटल पैंशन योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया क्योंकि इस योजना में वे बेहद कम प्रीमियम अदा कर 60 वर्ष की उम्र के बाद पैंशन पा सकते हैं।

जीएसटी–सुधार

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में वस्तु और सेवाकर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई थी। आज, हम बात करेंगे कि कैसे परिधान और जूता क्षेत्र में नई जीएसटी दरों से नागरिकों को सहायता मिल रही है। एक रिपोर्ट––

*अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों ने परिधान और फुटवियर क्षेत्र को बड़ी राहत प्रदान की है। इन सुधारों का उद्देश्य युवा निर्माताओं पर बोझ कम करना, उत्पादन को अधिक लागत प्रभावी बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि गुणवत्तापूर्ण रेडीमेड कपड़े और फुटवियर उपभोक्ताओं के लिए अधिक किफायती हो। नए का ढांचे के तहत रेडीमेड परिधानों पर दो हजार पांच सौ रूपये तक के लिए जीएसटी हटाकर 5ः कर दिया गया है। इस सुधार ने छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू मांग को बढ़ावा दिया है। इसी प्रकार मानव निर्मित धागों पर कर की दर 12ः से घटकर 5ः कर दी गई है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हुई है। इसके अलावा 2500 तक के फुटवियर पर 12ः के बजाय केवल पांच प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। इसे स्टाइलिश फुटवियर युवा और मध्यम आय वाले उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुलभ हो गए हैं। इस जीएसटी सुधार ने देश के विनिर्माण आधार को महत्वपूर्ण रूप से प्रसारित किया है, उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया है और इन उत्पादों को अधिक किफायती बनाया है।*

स्वीकृति

केन्द्र सरकार ने जापान इंटरनेशनल को–ऑपरेशन एजेंसी के सहयोग से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए एक हजार 4 सौ 22 करोड़ रूपए की परियोजना को मंजूरी दी है। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि इस परियोजना के तहत प्रमुख चिकित्सा महाविद्यालयों हमीरपुर, नाहन, मण्डी, टांडा, चम्बा और आई.जी.एमसी शिमला को सुदृढ़ व उन्नत किया जाएगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आभार जताया है।